


हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट






**खबर संक्षेप**

### एक्सीडेंट से बच्ची की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**भिलाई।** ग्राम सेवती मेन रोड में एक बच्ची की बोलेरो पीकप वाहन से एक्सीडेंट के बाद मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम कर आरोपी बोलेरो वाहन चालक से मारपीट कर बोलेरो वाहन में तोड़फोड़ कर पलटा दिये । इस दौरान आरोपी को बचाकर ले जा रहे एक पुलिस कर्मी की वर्दी भी फट गई। मामले में लिटिया सेमरिया पुलिस चौकी में दर्जनभर ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। सेवती मेन रोड पर बेलोरों पिकअप से बच्ची की मौत होने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। बेलोरो को संजू बांधे नामक युवक चला रहा था। लिटिया सेमरिया पुलिस चौकी में सूचना के बाद प्रधान आरक्षक दरबारी राम तारम शासकीय वाहन लेकर पहुंचा। आक्रोशित ग्रामीणों से आरोपी वाहन चालक संजू बांधे को बचाकर अपने वाहन में बिठाया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त दिया । जिससे पीछे कांच टूट गया। आरक्षक दरबारी राम ने स्वयं के साथ वर्दी फटने और कंधे में चोट आने की शिकायत दर्ज कराई है।

### मोटर सायकिल चोरी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने वाले युवक को पकड़ा है। कृष्णा नगर सुपेला का रहने वाला युवराज सोनी चोरी का मोटर सायकल बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही युवराज सोनी को कृष्णा नगर से घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी युवराज सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है। प्रार्थी पंकज कुमार निवासी केम्प-1 शास्त्री चैक भिलाई द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सर्कस मैदान संजय नगर सुपेला से मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस क्रमाक सीजी 07 एल.एच. 6253 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### घर से नकदी ले उड़ा चोर

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत एक घर के अंदर घुसकर अज्ञात चोर नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। गगन गजपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जुलाई की सुबह 7 बजे सोकर उठा। फिर सिटकिनी खोलकर दरवाजा को टिकाकर सो गया था। टेबल में रखा ब्लैक रंग का लैपटॉप,मोबाइल,पर्स में रखा एटीएम,आधार कार्ड,वोटर आदि गायब था।

### फसल को बुलडोजर से रौंदा, पाइप डालने का काम कराया बंद

**भिलाई।** दुर्ग ज़िले के धमधा तहसील के ग्राम अहेरी के किसान बलदेव प्रसाद गायकवाड़ के खेत में गेल (इंडिया) लिमिटेड के अधिकारी दोपहर * बजे किसान को बिना सूचना दिए उनके खेत में घेरा तोड़ का घुस गए । किसान बलदेव ने बताया कि मेरी सूचना के बग़ैर मेरे खेत में लगी फसल को बुलडोज़र से कुचल दिया गया और पाइपलाइन डालने के लिए गड्ढा कर पूरे खेत को तहस नहस कर दिया जिसमे मुझे लगभग 40 से 50 हज़ार का नुक़सान हुआ है। इसके विरोध में अहेरी, बागडूमर, बोड़ेगाँव सहित 5 गाँव के लगभग 20 किसान मौक़े पर पहुँचे और काम को बंद करने की कोशिश की गई । जिसके बाद गेल (इंडिया) के अधिकारी प्रशांत गुप्ता ने तहसीलदार और पुलिस बुला लीया तहसीलदार (राधेश्याम वर्मा) द्वारा प्रभावित किसानों से दुर्व्यवहार किया गया और ग़ैर ज़मानती धारा लगा कर जेल में डालने की धमकी दी गई और जो किसान वीडियो बना रहे थे उनको भी डरा कर वीडियो बनाने से रोका गया ।

**समस्या :** शहर में जिला न्यायालय से लेकर रहवासी मकानों में घुसा पानी, निकासी व्यवस्था की खुली पोल

# चौथे दिन भी भारी बारिश ने मचाया हाहाकार अंचल के अधिकांश नदी-नाले उफान पर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश कहीं राहत तो कहीं आफत बन कर बरस रही है। जिससे जन जीवन पूरी तरह से अस्त- व्यवस्त हो गया है। हालत यह है कि अंचल के अधिकांश नदी-नाले उफान पर है, शहर सहित ग्रामीण इलाको के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। छोटे व्यापारियो की आमदनी भी ग्राहकी कम होने से प्रभावित हो गई है। खेतों में जलभराव की स्थिती निर्मित होने से धान की फसलो को तो फायदा मिल रहा है, लेकिन इससे दलहन सहित सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। हालांकि इस बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है, लेकिप राहत से अधिक समास्याएं लोगों के सामने इस बारिश ने ला खड़ी कर दी है।

■ जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल हुआ पानी-पानी

आषाढ़ मास में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे और सभी को बारिश का इंतजार था। वहीं सावन मास की शुरुआत होने से पहले ही सावन की झड़ी लग गई। लगातार हो रही बारिश की वजह से अब जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है। मौसम विभाग द्वारा जिले में अगले 24 घंटे में भारी बारिश को लेकर चेतावनी भी जारी की गई है थी। लगातार हो रही बारिश चलते लोगों की दिनचर्या बदल गई है। कामकाजी लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है, तो ठेला-खोमचे सहित छोटे व्यापारियो के व्यापार पर भी बड़ा प्रभाव पड़ा है। हालांकि लगातार हो रही बारिश के चलते छाते और रेनकोट की मांग बढ़ गई है। लगातार बारिश होने के चलते बारिश में भीगने की वजह से भी लोग बीमार हो रहे हैं और सर्दी खांसी जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं।

**नदी-नाले उफान पर:** सावन माह की शुरुआत के 2 दिन पहले ही आषाढ़ मास से शुरू हुई बारिश का दौर खत्म नहीं हो रहा है। जिले भर में लगातार रूक-रूककर तेज बारिश हो रही है। जिसके चलते नदी नाले उफान पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे रपटे और पुल पुलिया से आवागमन बाधित हो गया है। लोगों को खेतों और घरों तक लंबी दूरी तय कर पहुंचना पड़ रहा है।







### स्कूली बच्चे परेशान, शिक्षक भी हलाकन

लगातार हो रही बारिश लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है, तो वहीं स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलेभर में लगातार हो रही बारिश के के बीच भी बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं, ऐसे में अधिकांश बच्चे भीग रहे हैं। वहीं मौसम विभाग द्वारा जिले में गरज- चमक के साथ भारी बारिश को लेकर चेतावनी भी जारी की जा रही है, इसके बावजूद स्कूली बच्चों को राहत देने की दिशा में शासन-प्रशासन से कोई भी आदेश जारी नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से स्कूली बच्चों को बरसते पानी में स्कूल जाने की मजबूरी हो रही है। इसके साथ ग्रामीण इलाकों की ओर जाने वाले शिक्षक और शिक्षिकाएं भी परेशान और हलकान है स्थित यह है बारिश के चलते स्कूल में कई स्थानों पर बच्चे जहां नही पहुंच रहे हैं हालांकि कई स्कूलों में शिक्षक भी अपनी उपस्थित नहीं दे पा रहे।

### जिला न्यायालय सहित शहर के कई वार्ड बने टापू, घरों में घुसा पानी

लगातार सोमवार से शुरू हुई बारिश ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में हाहाकार मचा दिया। सुबह से जोरदार तेज बारिश ने शहर की पानी निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर का अधिकांश हिस्सा जलमग्न हो गया। जिला न्यायालय से लेकर स्कूल ,कालेज, शासकीय कार्यालय तालाब की तरह भर गए जिसके चलते शासकीय कार्यों में कार्य नहीं हो पाया इसी तरह शहर के कई हिस्सों में बारिश का पानी आफत बन गया लोगों के घरों में पानी घुस जाने से टापू बन जाने की स्थिति निर्मित हो गई। परेशान आमजन घरों पानी बाहर निकलने मशक्कत करते रहे । शहर के नागरिकों का कहना की हर तरफ आबादी के साथ साथ रहवासी मकान तो बन रहे ,वही नालियों में पहले से कचरों से भरी हुई है जिससे नालियों भरे पानी को उचित निकासी व्यवस्था नहीं होने सड़कों के साथ ही घरों में घुस रहा।



### बाढ़ देखने पहुंच रहे लोग

जिले सहित आसपास क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं, तो वहीं डेम, बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के चलते शिवनाथ नदी अपने विकराल रूप मैं दिखाई दे रही है। हालांकि नदी किनारे बसे लोगों को मुनादी करा कर सचेत कर दिया गया है। वहीं नदी के करीब रह रहे कुछ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा दिया गया है, लेकिन शहर लगे अमोरा स्थित शिवनाथ नदी में बाढ़ देखने वालों की भीड़ नदी तक पहुंच रही है। बड़ी संख्या में यहां लोग नदी में आई बाढ़ का लुप्त उठाकर सेल्फी ले रहे हैं।

### धान के लिए फायदेमंद सोयाबीन के लिए घाटा

जिले में लगातार जारी बारिश की वजह से खेत-खलिहान जल मग्न हो गए हैं। इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है, धान बुआई करने के बाद बारिश का इंतजार कर रहे किसने के लिए भले ही यह बारिश फायदेमंद है, लेकिन दलहन, तिलहन और सोयाबीन की फसल के लिए यह बारिश आफत की बारिश है। राजनांदगांव जिले में बड़े पैमाने पर सोयाबीन की फसल ली जाती है। ऐसे में इस बारिश से सोयाबीन के पौधों को नुकसान होने संभावना बनी हुई है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार खेतों में पानी भरा रहा तो सोयाबीन के पौधे गल जाएंगे।

### जिले में अब तक 276.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 25 जुलाई तक की स्थिति में सुबह 8:00 बजे तक जिले में 276.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील साजा में 368 मिलीमीटर तथा न्यूनतम 219.8 मिलीमीटर वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 262.8 मिलीमीटर वर्षा, नांदघाट तहसील में 241.6 मिलीमीटर वर्षा, बेरला तहसील में 240.4 मिलीमीटर , देवकर तहसील में 342 मिलीमीटर, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 229.5 मिलीमीटर, वर्षा नवागढ़ तहसील में 221.9 मिलीमीटर एवं दाढ़ी तहसील में 364.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### उफनते नदी-नालों के एनीकट पर खतरा मोल ले रहे बच्चे व राहगीर

समूचे जिलेभर में इन दिनों लगातार बारिश के कारण अंचल के नदी-नालो में जलस्तर का काफी बढ़ गया है।लिहाजा इन सभी जगहों पर पानी एनीकट से कई फीट ऊपर चल रहा है। इसके बावजूद नदी-नालों में बने एनीकट से गुजरने में लोग बाज नही आ रहे है, उफनते नदी नाले के तेज धाराओ के बीच स्थानीय बच्चे पैदल व सायकल लेकर इधर से उधर जाकर जान जोखिम में डालकर इधर से उधर जा रहे है, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। इसके अलावा युवा व बुजुर्ग व्यक्ति भी बकायदा बच्चो के साथ समय व मेहनत बचाने के चक्कर मे शॉर्टकट लेकर नदी नाले के एनीकट को पार कर रहे है जो काफी खतरनाक है। ज्ञात हो कि जिले के विभिन्न नदी-नालो पर आमजनमानस के आवागमन एवं जलसंरक्षण के मकसद से जगह जगह पर एनिकट बनाया गया है जिसमे बरसात के सीजन में पानी रोककर जलस्तर बढ़ाने का कार्य किया जाता है एवं अन्य सीजन में आवागमन की सरलता के लिए उपयोग में लिया जाता है किंतु इसी बीच बारिश के दौर में एनीकट के ऊपर पानी छलकते रहता है तो यहां से गुजरने की सख्त मनाही रहती है किंतु अज्ञानता व जानकारी के अभाव में लोग पानी से छलकते एनिकट के सहारे आवागमन करने को मजबूर हो जाते है जो उनके लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इस शासन- प्रशासन को सख्ती के साथ ऐसे जगहों पर स्थानीय स्तर पर बेरिकेड्स या अन्य अवरोधक की व्यवस्था करानी चाहिए एवं एनिकट के दोनों छोर पर सचेतक व सूचक बोर्ड लगानी चाहिए ताकि आमलोगों के साथ बच्चे भी सतर्क व सावधान रहेंगे। फिलहाल एनीकट में बहते पानी के बीच आवाजाही की स्थित नगर देवकर में दिखाई दे रही है। इसके अलावा देवरबीजा, बेरलाकला, ठेलका, बोरतरा, परपोड़ी एवं अन्य कई इलाकों में ऐसी ही लापरवाही का नज़ारा देखने को मिल रहा है।

**स्वास्थ्य केंद्रों में हर समय स्वास्थ अमला मौजूद रहने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने स्कूल, कॉलेज व स्वास्थ्य केंद्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बीते बुधवार रिमझिम बारिश में जिले के खिलोरा, रजकुड़ी, थानखम्हरिया, अंतर्गत विभिन्न स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केन्द्र के साथ ही जल जीवन मिशन के कार्यो, दाल मिल प्रसंस्करण ईकाई सहित मदिरा दुकान व आहतो की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम साजा श्री धनिराम रात्रे,उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना, कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया, जिला शिक्षा जिला अधिकारी कमल कपूर बंजारे, एसडीओ,पीएचई संतोष नायक, सहित डीपीएम, लता बंजारे साथ थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्वास्थ्य केन्द्र में मौसमी बीमारी की दवाईयों की उपलब्धता के साथ ही प्रसव संबंधित जानकारी ली, उन्होने काहा कि बारिश के मौसम में मलेरिया डेंगू एवं डायरिया की संभावना अन्य मौसम की अपेक्षा अधिक होती है इसलिए स्वास्थ्य केन्द्रों में हर समय डॉक्टर के साथ स्वास्थ अमला भी उपस्थित रहें। उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव से संबंधित सुरक्षा जानकारी और परहेज संबंधित जानकारी भी दी जाए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ मिले या सुनिचित किया जाए।

■ स्कूली बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ अंग्रेजी पढ़ाई



कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से समान्य ज्ञान प्रश्न पूछे और अंग्रेजी भी पढ़ाई, बच्चों को कड़ी मेहनत और पढ़ने की सलाह दी। कलेक्टर ने थानखम्हरिया में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर की अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्कूल में साफ-सफाई के निर्देश दिए। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित प्राचार्य और शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। श्री शर्मा ने थानखम्हरिया के सरकारी कॉलेज का भी जायजा लिया। कलेक्टर श्री शर्मा ने थानखम्हरिया तहसील का भी अवलोकन किया। कर्मचारियों से बात की। उन्होंने थानखम्हरिया की मदिरा दुकान व आहतो की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। दुकान में रखें स्टॉक की जानकारी ली। आहते में साफ-सफाई के निर्देश दिये।

### बरहीपारा मार्ग पर बना पुल बाढ़ में बहा

**बालोद।** ग्राम पंचायत बरही के आश्रित मोहल्ला बरहीपारा मार्ग पर बना पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। जिसके कारण ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छह दिनों की बारिश और पानी के तेज बहाव के कारण पुल की मिट्टी बह गई। पुल जर्जर होने के कारण टूटने के कगार पर है, हालांकि स्लैब का हिस्सा ठीक नजर आ रहा है, लेकिन पुल की एप्रोच टूट चुकी है, जिसके कारण मिट्टी का कटाव हो चुका है। पूरा पुल टूटने के कगार पर है, जिसके कारण आश्रित मोहल्ले के लोग का आवागमन प्रभावित नजर आ रहा है।यह बरहीपारा आने जाने का मुख्य मार्ग है, जहाँ से कार या अन्य चारपहिया वाहन नहीं गुजर सकता।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# सालों पहले वाहन खरीदने-बिजनेस के लिए लिया लोन, अब घर-घर रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत लोन लेने वालों में सैकड़ों हितग्राहियों ने लोन लेने के बाद लोन की किस्त पटाना बंद कर दिए हैं। इसके कारण विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन भी रुक सा गया है। लोन की किस्त जमा नहीं होने के कारण विभाग से अब जरूरतमंद हितग्राहियों को भी लोन मिल नहीं पा रहा है। इधर प्रशासन ने पुराने हितग्राहियों से बचा लोन की रिकवरी के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके तहत अधिकारी अब 8 से 21 साल पहले लोन लेकर किस्त पटाना बंद कर चुके हितग्राहियों के घर-घर दस्तक दे रहे हैं और नोटिस थमाते हुए उनसे लोन की रिकवरी कर रहे हैं।

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत रायपुर जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगारों की योजना के तहत लघु बिजनेस करने के लिए 4 से 8 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन दिया जाता है। लोन के साथ हितग्राहियों को 10 हजार रुपए अनुदान राशि देने का भी प्रावधान है। साथ लोन आसान किस्तों में ढाई साल से लेकर पांच साल तक भुगतान करना होता है, जिससे हितग्राही पर मासिक किस्त की राशि का भार न पड़े। इन योजनाओं के तहत कोई लघु बिजनेस करने के लिए, कोई खेती-किसानी करने के लिए ट्रेक्टर ट्राली खरीदने तो कोई कोई ट्रांसपोर्टिंग या सवारी वाहन खरीदने के लिए लोन लिए हैं।

### 181 के खिलाफ नोटिस जारी 57 से वसूली

विभाग ने लोन की किस्त पटाना बंद करने वाले 181 हितग्राहियों की सूची तैयार की थी। इनके खिलाफ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इस नोटिस के बावजूद हितग्राही लोन की किस्त जमा नहीं कर रहे थे। विभागीय अधिकारी अब इस मामले में हितग्राहियों के घर-घर दस्तक देकर संपत्ति कुर्की करने का नोटिस दे रहे हैं। इसके भय से अब कई हितग्राही एक मुश्त में तो कई हितग्राहियों ने किस्त पटाना शुरू कर दिया है।

### केस 1

ग्राम पचरी निवासी उमेश टंडन ने ट्रेक्टर ट्राली खरीदने के लिए वर्ष 2007 में 6 लाख का लोन लिया था। करीब 50 हजार पटाने के बाद उमेश ने किस्त देना बंद कर दिया था। विभाग ने जब आरआरसी जारी करने के लिए अंतिम नोटिस दिया तो कार्रवाई के भय से उसने एक मुश्त में 38 हजार ब्याज सहित शेष राशि 4 लाख 67 हजार रुपए को चेक के माध्यम से जमा कराया।

### केस 2

कुकुरबेड़ा आमानाका निवासी प्रहलाद भारती ने वर्ष 2003 में ट्रेक्टरट्राली खरीदने के लिए 4 लाख रुपए लोन लिया था। करीब सालभर किस्त पटाने के बाद उसने भी जमा करना बंद कर दिया था। नोटिस मिलने के बाद प्रहलाद ने शेष 3 लाख 79 हजार रुपए का भुगतान किया है।

- अंत्यावसायी योजना के तहत लोन लेने के बाद हितग्राहियों ने किस्त जमा करना छोड़ा, विभाग कर रहा रिकवरी



### 320 हितग्राहियों पर डेढ़ करोड़ से अधिक का लोन बकाया

अब तक जिले में 320 हितग्राहियों पर एक करोड़ 64 लाख 36 हजार 822 रुपए का लोन बकाया है। इनमें कई हितग्राही लोन की किस्त देना बंद कर दिए हैं, जिन्हें अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

### डेढ़ साल में 57 को एनओसी

विभाग ने पिछले डेढ़ साल में 57 हितग्राहियों से बकाया लोन की राशि रिकवरी की है। इन सभी हितग्राहियों को एनओसी भी जारी कर दिया गया है।

### केस 3

ग्राम भिलाई आरंग निवासी सुनीता भारती ने वर्ष 2017 में फैंसी स्टोर खोलने के लिए 2 लाख रुपए का लोन लिया था। 60 हजार रुपए का भुगतान करने के बाद उसने भी किस्त जमा करना बंद कर दिया था। विभाग की नोटिस के बाद सुनीता ने भी शेष राशि 1 लाख 40 हजार रुपए जमा करा दिया है।

### केस 4

आमापारा रायपुर निवासी नीतिन महानंद ने सफाई कामगार योजना के तहत ई-रिक्शा खरीदी के लिए वर्ष 2018 में लोन लिया था। रिक्शा खरीदी के बाद उसने 50 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया। नोटिस के बाद उसने भी शेष राशि का भुगतान कर दिया है।

### आरआरसी नोटिस देकर रिकवरी कर रहे

जिन हितग्राहियों ने किस्त पटाना बंद कर दिया है, उनके खिलाफ आरआरसी नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के बाद कई हितग्राही किस्तों में और कई एक मुश्त में राशि लौटा रहे हैं।

- **सुरेश कुमार वर्मा**, कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी विभाग रायपुर

## एक दशक में देश में बन चुके हैं नौ नए टाइगर रिजर्व

# नोटिफेकेशन जारी होने के एक दशक बाद भी गुरु घासीदास नहीं बन सका टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क को एनटीसीए ने वर्ष 2014 में टाइगर रिजर्व घोषित करने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने के बाद वर्ष 2022 में अंतिम स्वीकृति दे दी है। बावजूद इसके तत्कालीन राज्य सरकार ने खनिज विभाग की रिपोर्ट के आधार पर गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं किया। इस मामले को लेकर वर्ष 2019 में एक जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से टाइगर रिजर्व बनाने को लेकर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक हाईकोर्ट के जवाब मांगे जाने के बाद वन विभाग तथा शासन स्तर पर गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने विधि के विशेषज्ञों से राय मशविरा ले रहा है। 29 जुलाई को राष्ट्रीय बाघ दिवस है, इस अवसर पर राज्य सरकार टाइगर रिजर्व को लेकर कोई बड़ी घोषणा कर सकती है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2012 में एक प्रस्ताव तैयार किया। प्रस्ताव बनाने के बाद वर्ष 2014 में प्रस्ताव एनटीसीए के पास भेजा, प्रस्ताव मिलने के तत्काल बाद एनटीसीए ने टाइगर रिजर्व बनाने सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मामला ठंडे बस्ते में जाता देख मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी वन्यजीव प्रेमी अजय दुबे ने वर्ष 2019 में हाईकोर्ट में टाइगर रिजर्व बनाने को लेकर जनहित याचिका दायर की है।

### कोर्ट से तीसरी बार जवाब देने समय मांगा

गुरु घासादीस को टाइगर रिजर्व घोषित करने हाईकोर्ट मार्च तथा अप्रैल में दो बार शासन से जवाब तलब कर चुकी है। दोनों बार राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से जवाब देने समय की मांग की थी, लेकिन तकनीकी कारणों से सरकार कोर्ट में जवाब पेश नहीं कर पाई। इसके बाद तीसरी दफा हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा है और कोर्ट ने शासन को जवाब देने चार सप्ताह का समय दिया है।



- पूर्ववर्ती रमन सरकार ने घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने अनुसंसा की थी

*टाइगर का कॉरिडोर है घासीदास नेशनल पार्क : गौरतलब है कि राज्य बनने के पूर्व गुरु घासीदास नेशनल पार्क मध्यप्रदेश स्थित संजय दुबारी टाइगर रिजर्व का हिस्सा था। राज्य बनने के बाद 1440 वर्ग किलोमीटर में फैला गुरु घासीदास नेशनल पार्क संजय दुबारी टाइगर रिजर्व से अलग हुआ है। देश में अंतिम चीता के साथ ही वर्ष 1951 में व्हाइट टाइगर का मूवमेंट भी यहीं देखा गया था।*

*दो हजार वर्ग किलोमीटर में बनना है टाइगर रिजर्व*

*गौरतलब है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 1440 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। टाइगर रिजर्व में गुरु घासीदास के साथ तमोर पिंगला का क्षेत्र भी शामिल करना प्रस्तावित है। इस लिहाज से टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 2048 वर्ग किलोमीटर का होगा। जानकारों के मुताबिक गुरु घासीदास के अलग टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्र में हाथी समस्या पर भी अंकुश लगेगा। इसके साथ ही गुरु घासीदास के टाइगर रिजर्व बनने से यह देश का सबसे बड़ा टाइगर कॉरिडोर होगा। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व से संजय दुबारी के साथ बांधवगढ़ तथा झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व जुड़ा हुआ है।*

### एक दशक में नौ नए टाइगर रिजर्व

राज्य में वन्यजीवों खासकर बाघ के संरक्षण संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ कितना गंभीर है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2014 के बाद से देश में नौ नए टाइगर रिजर्व बन चुके हैं, लेकिन गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2014 के बाद कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। जो नए 10 टाइगर रिजर्व बने हैं, उसकी सूची इस प्रकार से हैं..

- उत्तरप्रदेश, पीलीभीत टाइगर रिजर्व- 2014
- महाराष्ट्र, बोर टाइगर रिजर्व - 2014
- उत्तराखंड, राजाजी टाइगर रिजर्व - 2015
- असम, ओरंग टाइगर रिजर्व - 2016
- अरुणाचल प्रदेश, कामलांग टाइगर रिजर्व - 2017
- तामिलनाडु, श्रीविल्लीपुथुर मेगामलाई टाइगर रिजर्व - 2021
- राजस्थान, रामगढ़ टाइगर रिजर्व - 2022
- मध्यप्रदेश, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व - 2023
- राजस्थान, धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व - 2023

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने भंसाली से की मुलाकात मनोनयन पत्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शिवराज भंसाली से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनयन संबंधी पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने संयुक्त रूप से बताया, चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक में चैंबर चुनाव-2024 को चुनाव कराने शिवराज भंसाली को सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। चैंबर चुनाव के लिए उनसे चर्चा के बाद उन्होंने अपनी स्वीकृति दी। बुधवार को उनसे मुलाकात कर मनोनयन पत्र दिया गया।

- चैंबर चुनाव के लिए शिवराज भंसाली मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत

इस अवसर पर चैंबर सलाहकार मगेलाल मालू, संजय रावत, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश भंसाली, मंत्री जितेंद्र गोलछा जैन, जयराम कुकरेजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मेगा शिविर में एकत्रित हुए 152 यूनिट रक्त



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित विशाल शिविर में 152 यूनिट रक्तदान किया गया है। शिविरमें डिप्टी सीएम अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भैयालाल राजवाड़े, उमेश पटेल फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, अध्यक्ष अंकित अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस ब्लड डोनर को टोकन आफ लव, प्रमाण पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया । राशि स्टील की संचालिका ज्योति अग्रवाल द्वारा डोनर्स को 100 हेलमेट एवं एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा द्वारा 50 हेलमेट प्रदान किया गए। इस दौरान अरुण साव ने कहा कि अरुण साव ने कहा, इस तरह के कार्यों से व्यक्ति को आत्मिक संतुष्टि और आंतरिक ऊर्जा मिलती है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सैंकड़ों लोग की जान बचाने हमको मदद मिलेगी।

### कोल घोटाले की सुनवाई अगले महीने

**रायपुर।** कोल घोटाला मामले की न्यायिक रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी की विशेष अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाते हुए अगस्त माह कर दी है। मामले की अगली सुनवाई अब 24 अगस्त को होगी।

### मोबाइल चोरी करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक चश्मा रिपेयर करने वाले ने दो लोगों के खिलाफ मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, मृत्युंजय बैनर्जी ने कृष्णा यादव, विनय कुमार ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मृत्युंजय ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ सोया था, दूसरे दिन कृष्णा तथा उसके साथी ने उन पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### 26 को स्कूलों में मनाया जाएगा कारगिल दिवस

**रायपुर।** स्कूलों में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय को खत लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख अध्ययन केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। स्कूलों में भी इस संबंध में आयोजन करने कहा गया है।

### मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाया, लगा जुर्माना

रायपुर। जोरा मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाने संबंधित शिकायत मिलने पर जोन-9 अमले ने स्थल निरीक्षण किया। शिकायत सही पाए जाने पर कबाड़ी दुकान संचालक पर 20 हजार रुपए बतौर सड़क बाधा शुल्क जुर्माना लगाया। सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, उप अभियंता अतुल बंसल उपस्थिति में जनशिकायत का जोनस्तर पर निदान किया।

### आज सभी को कल्याण मित्र की आवश्यकता : विरागमुनि

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के पांचवें दिन बुधवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि ने कहा कि आपके अंदर जब आध्यात्मिक जाग जाए तो आपको केवल अपने आत्मा के कल्याण की ही सूझेगी, ताकि आपका मोक्ष का रास्ता आसान हो जाए। आज सभी को एक कल्याण मित्र की आवश्यकता है और उसके मिलने पर हमें उसके प्रति समर्पित भी रहना होगा। जीवन में कल्याण मित्र के साथ हमें पारदर्शिता बनाए रखनी होगी। आपको कल्याण मित्र की हर बात पर हां बोलनी होगी और वे जैसा कहें, उसे बिना किसी संकोच के मानना होगा। जो आत्मा की क्वालिटी का डेवलपमेंट करे, वैसा ही हमारा कल्याण मित्र होना चाहिए, जिसके सामने विचार करने की कोई जरूरत हमें नहीं पड़नी चाहिए।

# नालंदा परिसर की तर्ज पर 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी

लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को "नॉलेज बेस्ड सोसायटी" यानी "ज्ञान आधारित समाज'' के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने संकल्पित है। उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी की सौगात दी है, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वित्त विभाग ने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के लिए 85 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है।



### ओपी ने मुख्य बजट भाषण में किया था जिक्र

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने मुख्य बजट भाषण में भी इसका जिक्र करते हुए कहा था कि युवाओं के अध्ययन के लिए नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन केंद्रों को ''नॉलेज बेस्ड सोसायटी'' यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाए, ताकि ये युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके।

# लगातार बारिश से गिरा पारा वातावरण में लौटी ठंडक

- दोपहर तक होती रही बारिश, थमने के बाद राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पिछले ढाई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे चला गया। इसके प्रभाव से वातावरण में ठंडकता लौट आई है। बुधवार को दोपहर तक शहर में बारिश का दौर चलता रहा।

लगातार हो रही बारिश से लोग उकता गए थे। इसकी वजह से जनजीवन भी प्रभावित होने लगा था। दोपहर बाद पानी बंद होने से लोगों ने राहत की सांस ली। जिले में अब पर्याप्त मात्रा में वर्षा होने से स्थिति सामान्य हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। बारिश की गतिविधि थमने से सामान्य से चार डिग्री नीचे जाकर 26 डिग्री तक पहुंच चुका तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। मंगल-बुध की दरम्यानी रात काफी देर तक बारिश होती रही। सुबह माहौल ठंडा रहा, मगर बादल छाए रहे, जिसके दोपहर होने के बाद फिर से बरसने का दौर शुरू हो गया। तीन बजे के आसपास बारिश थमी और लोगों ने राहत महसूस की। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में 88 मिमी. बारिश हुई है। वहीं अभनपुर में 55.8, आरंग में 77.6, धरसींवा में 77.8, गोबरा-नवापारा में 61.3, खरोरा में 86.6, लाभांडी में 76, माना में 62.6, मंदिर हसौद में 76.7 तथा तिल्दा में 46.3 मिमी. बारिश हुई।

## 15 अगस्त तक बढ़ा समय

# 60 हजार से अधिक कार्ड धारकों का अब तक नहीं हुआ नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में 60 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों का अब तक नवीनीकरण नहीं हो पाया हैं। इनमें 90 प्रतिशत एपीएल कार्ड धारक हैं जिन्होंने अपना नवीनीकरण नहीं कराया है। विभाग नवीनीकरण कराने के लिए 30 जुलाई अंतिम तारीख निर्धारित की थी, लेकिन राजधानी सहित प्रदेशभर में इसकी संख्या लाखों में होने के कारण नवीनीकरण की तारीख 15 दिन बढ़ा दी गई है। इस तरह छूटे कार्ड धारकों को 15 अगस्त तक नवीनीकरण कराने का अवसर दिया गया है।

### जिले में 6 लाख से अधिक कार्ड धारक

रायपुर जिले में 6 लाख 5 हजार 828 कार्ड धारक हैं। इनमें करीब 5 लाख कार्ड धारकों ने नवीनीकरण करा चुका हैं, जिसके बाद उनके नये राशनकार्ड भी बन चुके हैं, वहीं 90 हजार से अधिक कार्ड अब तक बन नहीं पाए हैं। जिन कार्ड धारकों के नये कार्ड बन नहीं पाए है, उनमें 60 हजार से अधिक धारक ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया है।



### कईयों ने केवाईसी भी नहीं कराया

नवीनीकरण कराने के बाद कार्ड सदस्यों को ईकेवाइसी कराना अनिवार्य है। पीडीएस के ऑनलाइन साफ्टवेयर में इसके लिए धारकों का आधार कार्ड अपडेट कर उनकी उंगली स्कैन की जा रही है, ताकि कार्ड का कोई भी सदस्य राशन दुकान से खाद्यान्न ले जा सके। केवाईसी के बाद कार्ड का सदस्य ही राशन ले जा सकता है, कोई दूसरा नहीं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिले में जिन धारकों ने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया, उनमें ऐसे कई है, जिनके सदस्यों ने केवाइसी ही नहीं कराया है।

### नवीनीकरण नहीं कराने वालों के कार्ड होंगे ब्लॉक, नहीं मिल पाएगा राशन

विभागीय सूत्रों के अनुसार निर्धारित समय सीमा में नवीनीकरण नहीं कराने वाले कार्ड धारकों के कार्ड ब्लाक किए जाएंगे। इसके बाद उन्हें कार्ड बनवाने के लिए फिर से आवेदन करना होगा। इस दौरान तक उन्हें पुराने कार्ड पर राशन भी नहीं मिल पाएगा।

# बिना फार्मासिस्ट के संचालित होने वाली दवा दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस भी सस्पेंड

बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रही शंकर नगर की एक दवा दुकान को सील कर उसका ड्रग लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। शिकायत मिली थी कि दवा दुकान का लाइसेंस जिस फार्मासिस्ट के नाम पर लिया गया था, वह दवा कंपनी का एमआर है। एसोसिएशन बिना फार्मासिस्ट के संचालित होने वाली दवा दुकानों के खिलाफ अभियान चला रहा है। उनका आरोप है कि कोरोनाकाल से दवा दुकान खोलने की होड़ मच गई है और लोगों में फार्मासिस्ट की डिग्री किराए पर लेकर उनके नाम से लाइसेंस लेकर दवा दुकान खोल रहे हैं। दवाओं की समुचित जानकारी नहीं होने के बाद भी इसकी बिक्री करने से आम लोगों की जान को खतरा हो सकता है। इसी तरह की एक शिकायत पर शंकर नगर की एक दवा दुकान को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सील कर दिया है। आईपीए के सचिव राहुल वर्मा ने बताया कि दवा दुकान का संचालन बिना फार्मासिस्ट के किया जा रहा था। अपनी जांच के दौरान उन्होंने पाया कि दवा रत्निक फार्मा मेडिकल स्टोर का संचालन जिस फार्मासिस्ट के लाइसेंस के आधार पर किया जा रहा है, एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। शिकायत के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अपनी कार्रवाई की। वहीं स्टेट फार्मेसी काउंसिल को फार्मासिस्ट का पंजीयन रद्द करने के लिए रजिस्ट्रर को भी पत्राचार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी हित में लागू करें कैशलेस चिकित्सा योजना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारियों एवं उनके परिवार के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने संबंधी प्रस्तावित योजना के संबंध में पुनः मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र दिया है। गौरतलब है कि फेडरेशन विगत 5 वर्षों से राज्य शासन से पत्राचार कर रहा है। प्रस्तावित कैशलेस योजना के बारे में फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा और सचिव राजेश चटर्जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्य के भीतर एवं बाहर मान्यता अधिकृत चिकित्सालय में इलाज होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक शासकीय सेवक की कार्मिक संपदा के अनुसार संजीवनी कार्ड जारी करेगी, जिसमें कर्मचारी-अधिकारी एवं परिवार का पूर्ण विवरण रहेगा। शासकीय कर्मचारी-अधिकारी को विपत्ति के समय आर्थिक संकट से उबारने के दृष्टिगत इस योजना को कर्मचारी हित में लागू किया जाना चाहिए।

### देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 26 जुलाई को ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जय श्रीराम प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी पूर्व सैनिक और संस्था के अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा ने देते हुए बताया कि इसी कार्यक्रम के दौरान कौशल्या माता विहार सेक्टर 13 के प्रशिक्षार्थियों एवं अन्य बच्चों द्वारा देशभक्तिपूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### महादेवघाट में कांवरियों के लिए निशुल्क सेवा जारी

**रायपुर।** शिव-शक्ति सेवा मंडल अश्वनी नगर द्वारा विगत कई सालों से कांवरिया भक्तों को पूरे सावन माह सेवा के रूप में जल, फल और दवाई की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है, जिससे महादेवघाट जलाभिषेक करने वाले कांवरियों में उत्साह बना रहे। मंडल के सदस्य ललित अग्रवाल ने बताया कि रविवार और सोमवार को कांवरियों की संख्या सैकड़ों में होती है। समिति के कई सदस्य हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा में लगे होते हैं। सेवा करने वालों में कन्हैया लाल अग्रवाल, क्रांति अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विकास मुंदड़ा, विश्वास अग्रवाल आदि सहित अनेक साथी शामिल हैं।

### राज्य वित्त सेवा के छह अधिकारियों का तबादला

**रायपुर।** राज्य वित्त सेवा के छह अधिकारियों के तबादले का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी आदेश किया है। इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उनके नए पदस्थापनाओं पर भेजा गया है। इनमें डॉ. अखिलेश कुमार सिंह वित्त नियंत्रक, संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर से अपर सचिव, वित्त विभाग, मंत्रालय में नियुक्त किया गया है। आनंद मिश्रा संयुक्त संचालक (वित्त), छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, नवा रायपुर से उप सचिव, वित्त विभाग, राजशेखर शर्मा वित्त अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर को उप सचिव, वित्त विभाग, बदन सिंह ठाकुर उप संचालक (वित्त), संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, इंद्रावती भवन को अवर सचिव, वित्त विभाग, राजीव कुमार झाड़े मुख्य लेखा अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम को अवर सचिव, वित्त विभाग और सलिल साहू सहायक संचालक, संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन इंद्रावती भवन को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त विभाग नियुक्त किया गया है।

# यात्री किराए के जरिए इंकम बढ़ाने पर फोकस, ट्रेनों में जोड़े जा रहे अतिरिक्त कोच

## कोरोनाकाल में घटाए गए थे, लंबी दूरी की ट्रेनों में कोच बढ़ाने का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ट्रेनों की तरफ ज्यादा यात्रियों को आकर्षित करने और इसके जरिए राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य लेकर रेलवे काम कर रहे हैं। कोरोनाकाल में जिन ट्रेनों में कोच की संख्या घटा दी गई थी, उसे वापस जोड़ने का दौर जारी है। गरीब रथ एक्सप्रेस में अब अधिक यात्री अपना सफर पूरा कर सकेंगे, इसके लिए एसी-3 के चार अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं।

रेलवे प्रशासन विभिन्न माध्यम से अपनी आय बढ़ाने की योजनाओं पर फोकस कर रहा है। साथ ही यात्रियों को ट्रेनों में आरामदायक सफर के लिए बर्थ की संख्या बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए ट्रेनों में अतिरिक्त रूप से कोच लगाए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिले और सुविधा से प्रभावित होकर उनकी संख्या में और इजाफा हो सके। इसी योजना के तहत लंबी दूरी के लिए संचालित होने वाली लगभग सभी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। लखनऊ-रायपुर के बीच संचालित होने वाली साप्ताहिक गरीब रथ एक्सप्रेस में अब दो से ढाई सौ अतिरिक्त यात्री बर्थ की सुविधा के साथ अपना अरामदायक सफर पूरा कर सकेंगे। इसके लिए ट्रेन में चार अतिरिक्त एसी-3 कोच लगाया जाएगा। 29-30 जुलाई से गाड़ी संख्या 12536/12535 वातानुकूलित ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। चार नए कोच के साथ इस ट्रेन में कुल 14 तृतीय श्रेणी के वातानुकूलित डिब्बे और 2 जनरेटर कार सहित कुल 16 कोच होंगे।



### 46 ट्रेनों में पहले ही

रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए 46 ट्रेनों में 92 कोच का विस्तार किया गया था। इसके बाद दूसरे चरण में 22 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में ट्रेनों में वातानुकूलित की तुलना में जनरल बोगी में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होती है। इसके चलते दो से तीन माह पहले भी टिकट बुक कराने पर कन्फर्म टिकट मिलने का चांस कम रहता है।

## 10 दिन से रोज रात घरों और सड़क की लाइट बंद, शिकायतें बेअसर

# कौशल्या विहार में रहना हुआ दुश्वार पानी और बिजली का सिस्टम धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कौशल्या विहार का बहुमंजिला फ्लैट लेकर अलग-अलग सेक्टर में रहने वाले अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। पॉश कालोनी में हाईटेक सुविधा की आस लिए निम्न व मध्य वर्ग के लोगों ने खुद का आशियाना की हसरत के साथ अपनी जमा पूंजा तो लगा दी, पर भरी बरसात में वे पानी और बिजली के लिए मोहताज हैं। पिछले 10 दिन से कौशल्या विहार के अलग-अलग सेक्टर में रोज रात लोगों के घरों और सड़क की लाइट अचानक बंद होने से रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। हालत ये है, कहने को तो इस विश्वस्तरीय टाउनशिप में अंडरग्राउंड बिजली का सिस्टम लगा हुआ है, पर हल्की बारिश में पानी घुसने से शार्ट सर्किट के कारण पूरे इलाके की बिजली बत्ती अकसर गुल हो रही है। बिना बिजली के संपवेल से पानी नहीं चढ़ने से भुक्तभोगी बाहर से पानी खरीद कर गुजारा करने मजबूर हैं।

कौशल्या विहार में पानी और बिजली सिस्टम ध्वस्त होने से 15 सेक्टर में फ्लैट लेकर परिवार के साथ रहने वाले रहवासी बेहद परेशान हैं। रायपुर विकास प्राधिकरण ने इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए 33 केवीके क्षमता का बिजली स्टेशन तो बनाया है, पर अभी तक उसे सीएसईबी को हैंडओवर नहीं किया। प्राधिकरण ने बिजली विभाग के जिस इंजीनियर को जिम्मा दिया है, वह लोगों के फोन तक नहीं उठाते।






### नाला सफाई नहीं, योग केन्द्र के पास कचरा डंप

सेक्टर 4 व सेक्टर 5 के बाजू में लालपुर बस्ती का गंदा पानी और कचरा ओवरफ्लो हो रहा है। इससे रहवासी बेहद परेशान हैं। नाला सफाई नहीं होने से मलेरिया, डेंगू होने का खतरा बना हुआ है। सड़कों का मेंटनेंस नहीं होने से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। सेक्टर 4 में योग केन्द्र परम जीवनन के पास क्षेत्र की कचरा उठाने वाली गाड़ियां महीनों से वहां कचरा डंप कर रही हैं। इससे आसपास के निवासी त्रस्त हैं। उन्होंने इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से भी की है, पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस मुद्दे को लेकर रहवासी एनजीटी जाने की तैयारी में हैं।

**केस 1**

### वाशरूम जाने पानी नहीं बिजली अक्सर बंद

कौशल्या विहार सेक्टर 4 के रहवासी सुभेन्द्र पाटले ने बताया, उनके यहां 2 महीने से अकसर लाइट बंद रहती है। बिजली बंद होने से ऊपर पानी नहीं चढ़ता। इसीलिए वाशरूम जाने पानी नहीं है। लाइट रहेगी, तभी तो पानी आयेगा। सेक्टर 4, 7 और सेक्टर 15 में यही स्थिति बनी है। खाना खाने के लिए फ्लैट में पानी नहीं था, इसलिए सेक्टर 7 में जो नया हास्पिटल खुला है, वहां से 4 बाटल पानी लेकर आया तब खाना खाया हूं। हमने 3 दिन पहले आरडीए दफ्तर जाकर अपनी परेशानी अधिकारियों को बताई थी।

**केस 2**

### 6वें माले में फ्लैट रातभर लाइट बंद

दफ्तर पास होने के कारण कौशल्या विहार के सेक्टर 4 के छठवें माले में फ्लैट लेकर रहने वाली वर्किंग वूमन ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि ये सोचकर कौशल्या विहार में फ्लैट लिया कि अच्छी कालोनी है, मूलभूत सुविधा मिलेगी, पर यहां तो रातभर लाइट बंद रहती है। ऊपर से पानी की भी दिक्कत है। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नही है। लगता है फ्लैट लेकर हमने मुसीबत मोल ले ली। ऐसा कब तक चलेगा?

**केस 3**

### 2 आदमी के भरोसे 15 सेक्टर, बुरा हाल

कौशल्या विहार रेसीडेंस एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य के मुताबिक ठेकेदार के 2 आदमी के भरोसे आरडीए ने कौशिल्या विहार के 15 सेक्टर का मेंटनेंस छोड़ रखा है। इसके कारण कई लोगों की शिकायतें दबी रह जाती हैं। लगातार पानी, बिजली और सफाई को लेकर शिकायतें आ रही हैं। पिछले 3 दिन से 15 मिनट, आधे घंटे के लिए बिजली आती है, फिर घंटों लाइट बंद। इस कालोनी में आईएस अफसर से लेकर जनप्रतिनिधि व कई रसूखदार भी रहते हैं। इसके बाद भी प्राधिकरण ध्यान नहीं दे रहा। पहले असामाजिक तत्वों के जमावड़े से त्रस्त रहे। चोरी-चकारी, लूटपाट, मारपीट की घटनाएं होती रहीं। कई बार चक्कर काटने के बाद बड़ी मुश्किल से पुलिस सहायता केन्द्र खुला है। हमने यहां हाइटेक थाना खोलने की मांग की थी। केनाल रोड में आरडीए ने इसके लिए 8,206 वर्गफीट जमीन सुरक्षित रखी है। अब वहां थाना खुलेगा।

**शिकायत आई है, संज्ञान में लेंगे**

कौशिल्या विहार में बिजली बंद रहने और पानी की समस्या को लेकर लोगों ने शिकायत की हैं। इस पर संज्ञान लेने स्पॉट पर टीम भेजी गई है। जल्द समस्या दूर होगी।
*- अनिल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण*

# डॉग शेल्टर की नींव का काम पूरा, बारिश में अटका कालम का काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोनडोंगरी में निर्माणाधीन डॉग शेल्टर निर्माण का काम बारिश के कारण अटक गया है। 6,500 वर्गफीट जगह पर डॉग शेल्टर बनाने अनुबंधित एजेंसी ने नींव डालने का काम पूरा कर लिया है। कालम डालने से पहले बारिश ज्यादा होने और दलदली जमीन होने के कारण स्पॉट पर गाड़ियां फंसने लगी हैं। ऐसे में मौसम खुलने के बाद कालम बनाने का काम शुरू होगा।

- सोनडोंगरी में 6,500 वर्गफीट जगह पर प्रदेश का पहला डॉग शेल्टर

दरअसल, रायपुर नगर निगम एनजीओ के साथ मिलकर शहर के बीमार और आक्रामक कुत्तों के इलाज, सर्जरी और उसकी देखभाल करने डॉग शेल्टर बनवा रहा है। इस शेल्टर के बनने से शहर के आवारा कुत्तों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण में मदद मिलेगी। साथ ही डॉग बाइट से होने वाली जन-धन की हानि को कम किया जा सकेगा। महापौर एजाज ढेबर ने निगम बजट में इसके लिए अलग से प्रावधान किया है। दो चरणों में डॉग शेल्टर बनाने का काम पूरा होगा। सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर बनाने का काम रायपुर की एजेंसी को दिया गया है। प्रोजेक्ट के हिसाब से प्रथम चरण में 48 लाख की लागत से वहां बाउंडीवॉल, शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही यहां पर रखे जाने वाले कुत्तों के इलाज के साथ सर्जरी और अन्य तरह सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

**सितंबर तक समय सीमा**

डॉग शेल्टर निर्माण के लिए अनुबंधित एजेंसी को सितंबर तक की समय सीमा दी गई है। डॉग शेल्टर में शहर के बीमार कुत्तों का इलाज और देखभाल की व्यवस्था रहेगी। साथ ही आक्रामक कुत्तों की सर्जरी कराई जायेगी। - *एजाज ढेबर, महापौर, ननि, रायपुर*

# खेतों में बैलों की जगह तेज हुई रोटावेटर और हार्वेस्टर की दौड़

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

मानसून की आहट के साथ ही शहर की सरहद खत्म होते ही दूर तक खेतों में फसल की तैयारी में जुटे खेतिहरों के समूह... आपस में एक दूसरे से हंसी ठिठोली और सुख दुख बांटते महिला पुरुष ... और फिर खुद की थकान भूल बैलों के सानी भूसी की चिंता के साथ सांझ ढले अपने गांवों के घरों की ओर गुनगुनाते हुए लौटता धरतीपुत्रों का मेला..मोर संगवारी रे ...झिमिर झिमिर बरसे पानी रे... बड़ मजा है धान के बुवाई मा, फिर कटाई अऊ लुवाई मां..।

खेती किसानी के मौसम में कुछ साल पूर्व तक ट्विनसिटी के आसपास खेतों में दिखाई देने वाले यह खुशनुमा दृश्य अब तेजी से विलुप्त होते जा रहे हैं। खेत खलिहानों में पसीना बहाते मस्ती से गांवों के किसानों और खेतिहरों की गुरतुर लोकगीतों और हीरा मोती की जगह मशीनों की कर्कश आवाज ने ले ली है। विकास और यंत्रीकरण के बदलते दौर के साथ



खेतों में समूचा कृषि कार्य अब बैल युग की जगह हाईटेक हो चला है। भिलाई दुर्ग सहित जिले बल्कि पूरे दुर्ग संभाग में भी खेती बाड़ी के कामकाज के तौर तरीके बदल रहे हैं। विकास और यंत्रीकरण के बदले दौर के साथ खेतों में कृषि कार्य हाईटेक हो चला है। पंजाब और हरियाणा आदि कई राज्यों की तरह धान और अन्य फसल की जोताई, बुवाई से लेकर कटाई और मिंजाई तक अधिकतर कार्य नागर, हंसिया, रापा और कुदाली की जगह कई आधुनिक कृषि यंत्रों से हो रहे हैं। लोगों को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि दुर्ग संभाग में 90 प्रतिशत कृषि कार्य में मशीनों यानी कृषि यंत्रों का उपयोग हो रहा है। कल्वीवेटर से खेतों को ठीक करने और हैरो व डिस्क प्लाउ मशीन से जुताई, प्लांटर से बुवाई और और हार्वेस्टर से कटाई व मिंचाई हो रही है। इतना नहीं कई बड़े किसान तो द्रोड़ से कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव भी कर रहे हैं। किसानों और कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक अन्य क्षेत्रों की तरह खेती किसानी के क्षेत्र में भी मशीनीकरण बढ़ने की वजह सुपर कंप्यूटर के दौर में तेजी से घूमता विकास का पहिया है। 2

# कॉल सेंटर खोल रहा विभागों की पोल, चक्कर लगाने वाले फरियादियों के अब होने लगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में आम लोगों की समस्याओं का विभागीय कार्यालयों में किस तरह से काम किया जा रहा है, इसका आकलन कलेक्टोरेट में आम लोगों की समस्या के निराकरण के लिए खुले कॉल सेंटर से लगाया जा सकता है। कॉल सेंटर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है, जो प्रशासन का सराहनीय कदम है, लेकिन कॉल सेंटर ऐसे कई विभागी कार्यालयों की भी पोल खोल रहा है, जहां बिना कारण लोगों के आवेदनों व शिकायतों को लंबित करके रखा गया है। कॉल सेंटर में बुधवार को कुछ इस प्रकार की शिकायतें ही मिली हैं, जिनका निराकरण करने में विलंब किया जा रहा है। कॉल सेंटर में आई इन शिकायतों पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को जानकारी देकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासन से मिले निर्देश पर विभागों में भी हड़कंप मच रहा है और दूसरे सभी काम छोड़कर कुछ घंटों में ही इन शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

जिले के नागरिकों की समस्या व शिकायत का जल्द से जल्द निराकरण हो सके, इस सोच को लेकर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट में ही जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर खुलवाया है। सूत्रों के अनुसार इस कॉल सेंटर में पिछले दो दिन में 25 से ज्यादा शिकायतें मिल चुकी हैं, जिनमें कई शिकायतों का निराकरण भी किया जा चुका है।

**केस 1**

### 20 दिन बाद मिला मूल निवास प्रमाणपत्र

गोगांव निवासी पंकज सोनी ने 3 जुलाई को मूल निवास प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक उनका मूल निवास प्रमाणपत्र नहीं बन पाया था। पंकज ने बुधवार को कॉल सेंटर में इसकी शिकायत की। इस शिकायत के कुछ घंटे के बाद ही पंकज को मूल निवास प्रमाणपत्र मिल गया।


कॉल सेंटर में आने लगीं शिकायतें कुछ ही घंटे में हो रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट में जन समस्या निवारण कॉल सेंटर खुलने के दूसरे दिन से ही लोगों की शिकायतें आनी शुरू हो गई हैं। इनमें कुछ शिकायतों का कुछ घंटे के भीतर ही निराकरण भी किया गया। इनमें आरंग क्षेत्र के ग्राम चपरीद निवासी किसान हिरेंद्र साहू को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर किसान के दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया, जिसके बाद किसान हिरेंद्र को भी अब योजना के तहत किस्त की राशि मिल पाएगी। कुछ घंटे में मिल गई राशन कार्ड की सॉफ्ट कॉपी : गुढ़ियारी निवासी संजय जानी ने राशन कार्ड के पीडीएफ नहीं मिलने की शिकायत कॉल सेंटर में की। इस शिकायत पर तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारी ने जोन-1 में सम्पर्क कर हितग्राही के राशन कार्ड की सॉफ्ट कॉपी वाट्सप के माध्यम से उसके मोबाइल में उपलब्ध कराया गया।

नाली की बदबू और मच्छरों से मिली मुक्ति

कॉल सेंटर में मानजीभाई होटल के पास नाली की बदबू और मच्छरों से लोग परेशान थे। इसकी शिकायत मिलते ही कुछ घंटे के भीतर नगर निगम की टीम को मौके पर भेजकर नाली की सफाई कराने के साथ मच्छरों को नियंत्रण करने दवा का छिड़काव कराया गया। इससे क्षेत्र के लोगों को बदबू और मच्छरों से राहत मिली।

रात में शिकायत, सुबह निराकरण

बिलाड़ी गांव की रहने वाली शकुंतला साहू ने कॉल सेंटर में सोमवार रात को शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में निस्तारी के पानी को मुरूम डालकर रोक दिया गया है। इससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही हैं। सुबह होते ही इस शिकायत पर तिल्दा एसडीएम ने राजस्व टीम को भेजकर जेसीबी के माध्यम से पानी निकासी के लिए रास्ता बनाकर लोगों की समस्या का निराकरण किया।

**केस 2**

### डेढ़ साल बाद मिला राशन कार्ड

बसंत विहार गुढ़ियारी निवासी लव कुमार दुबे ने बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ साल पहले नगर निगम जोन-01 खमतराई में राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था। कई बार संपर्क करने पर भी तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए उनका कार्ड बनाया नहीं गया। लव दुबे पेशे से इलेक्ट्रीशियन हैं। उसे कॉल सेंटर के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने बुधवार को सुबह सवा दस बजे कॉल लगाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद शाम करीब 4 बजे तक सारे दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कर खाद्य विभाग ने राशन कार्ड बनवा कर दे दिया।

# पंद्रह हजार सेल कर्मचारियों का लंबित है करोड़ों का एरियर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- इस्पात मंत्री को सेफी ने लिखा पत्र

सेफी ने इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी को पत्र लिखकर सेल अधिकारियों के विगत 2 पे-रिविजनों में लंबित एरियर्स का भुगतान के लिए दिशानिर्देश की मांग रखी। अधिकारियों के द्वितीय पे-रिविजन 1 जनवरी 2007 से लागू किया गया। 2007 के सेल के पे-रिविजन के आदेश की अवहेलना करते हुए सेल अधिकारियों को सेल पेंशन 14 वर्ष विलंब से बिना किसी ब्याज के दिया गया तथा 11 महीने के पर्क्स का एरियर्स का भुगतान अभी तक लंबित है।

2017 के तीसरे पे-रिविजन के दौरान अधिकारियों को 39 महीने का एरियर्स, वित्त वर्ष 2018-19 का इंक्रीमेंटल पीआरपी तथा जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के मध्य सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को बढ़ी हुई ग्रेज्यूटी की हानि हुई। द्वितीय पे-रिविजन में सन योजना लागू की जानी थी, उस दौरान सेल लगातार लाभ में चल रही थी तथा कंपनी आर्थिक रूप से अत्यंत सक्षम थी लेकिन सेल पेंशन योजना की राशि सितम्बर 2021 में 14 वर्षों की देरी से अधिकारियों के एनपीएस खाते में बिना ब्याज के हस्तानांतरित की गयी। विलंब के कारण पेंशन का कॉपर्स अन्य महारत्न कंपनियों के समकक्ष अधिकारियों की तुलना में आधे से भी कम है। औसतन अधिकारियों को सेल पेंशन के मद में 5 से 30 लाख रूपये तक की हानि हुई।






## खबर संक्षेप

### काव्य गोष्ठी में शिक्षक नरोत्तम साहित्य श्री से सम्मानित



**बालोद।** गुरु पूर्णिमा पर रायपुर में वक्ता मंच द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह में सेजेस विद्यालय घोटिया में पदस्थ शिक्षक नरोत्तम यदु को साहित्य श्री सम्मान मिला। यदु छत्तीसगढ़ी भाषा में कविता रचनाएं करते हैं। इनकी कविताएं समसामयिक घटनाओं, तीजा पोरा, देश भक्ति, सामाजिक बुराइयों को दूर करने, पर्यावरण संदेश, जल जंगल जमीन की महत्ता विभिन्न रचनात्मक पहलुओं पर कविता लेख करते हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आया सावन झूम के पर हुई गीतों की बरसात

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला, संस्कृति व आध्यात्म के संवर्धन व स्मरण करने सावन में आया सावन झूम के भाग 01 आयोजन किया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। संयोजक डॉ. देवांगन आस ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि हम हर पर्व को मिलकर मनाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में सावन पर आया सावन झूम के कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसमें पहले ही दिन प्रतिभाओं ने हिस्सा लेकर महादेव व सावन पर गीतों का बरसात कर मंत्रमुग्ध किया। महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, जिलाध्यक्ष दुर्ग होरीलाल चतुर्वेदी, विनोद कुमार सिंह आदि ने भी विचार प्रगट करते हुए शिकसा के कार्यक्रम की निरंतरता के लिए संयोजक आस को बधाई दी।

टीकाराम सारथी ने कहा यह मंच ही नवोदित प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर सम्मानित कर रहा हैं। कार्यक्रम में दिनेश दुबे, सुनीता चौधरी, धीरज रंगारी, शिव कुमार अंगारे, चन्द्र कुमार चन्द्रा, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रेक्षा साहू, ज्योति नागरे, पुष्पांजलि ठाकुर, राजीव लोचन कश्यप, मोहित कुमार शर्मा, अनिता श्रीवास, राजीव गुप्ता, मंजू लता मेरसा आदि मौजूद थीं।

### मोटर सायकिल चोरी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने वाले युवक को पकड़ा है। कृष्णा नगर सुपेला का रहने वाला युवराज सोनी चोरी का मोटर सायकल बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही युवराज सोनी को कृष्णा नगर से घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी युवराज सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है। प्रार्थी पंकज कुमार निवासी केम्प-1 शास्त्री चैक भिलाई द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सर्कस मैदान संजय नगर सुपेला से मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस क्रमाक सीजी 07 एल.एच. 6253 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की बैठक

# कानफोड़ू डीजे-धुमाल पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला स्तरीय ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की बैठक ली। बैठक में जिले में ध्वनि प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करने और इसके प्रभावों को कम करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में ध्वनि प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण न केवल कानों के लिए हानिकारक है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और हृदय संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि जिले में ध्वनि प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सभी की जिम्मेदारी है कि हम एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने कानफोड़ू डीजे पर उच्चतम न्यायालय तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा इस विषय पर दिये गये पूर्व के आदेशों का कड़ाई से पालन करने कहा है, ताकि जो ध्वनि प्रदूषण के खतरे के साथ बच्चे - बीमार- बुजुर्गों को कोई परेशानी ना हो। कलेक्टर ने त्यौहारों पर भी तेज ध्वनि से बजाने वाले बजने ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी कार्रवाई करने कहा। रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी कड़ाई से पेश आने को कहा। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम से भी उचित कार्रवाई करने कहा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने एसपी, एसडीओपी और एसएचओ को ज़िले में कानफोड़ू डीजे -धुमाल बजने वाले साउंड पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पुलिस, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ध्वनि स्तर की नियमित माप की जाएगी और प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों की पहचान कर उन्हें नियंत्रित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ध्वनि प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि जिले में ध्वनि प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

## कन्याशाला की 22 छात्राओं को किया गया सायकिल वितरण



**थान खम्हरिया।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत कन्या शाला के नवमी- दसवीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की 22 बालिकाओं को साइकिल दी गई।

यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है। जो न सिर्फ बेटियों का स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि शिक्षा को आसान करती है। छात्राओं ने बताया हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों के हितों का ध्यान में रखकर अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर प्राचार्य रविंद्र यादव, मनीष चौबे, अनिल सिंघानिया, बालमुकुंद साहू व्याख्याता, ढाल सिंह राजपूत व्याख्याता, भुआर्य सर, कमल जोशी व्याख्याता, जितेंद्र यदु, खुबेश्वर ध्रुव विज्ञान सहायक, शैलेश बरमते, मुकेश सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, राहुल छाबड़ा, आदर्श जोशी, पवन सिन्हा, रामसनेही नामदेव उपस्थित थे।

## सीसीआरटी प्रशिक्षण के लिए जिले से दो शिक्षक गुवाहाटी रवाना हुए




**बेमेतरा।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) नई दिल्ली द्वारा गुवाहाटी (असम) केंद्र में 24 जुलाई से 13 अगस्त तक आयोजित अनुष्थापन प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले से दो शिक्षक राजेंद्र कुमार साहू कन्या स्कूल बेरला तथा भूपेंद्र कुमार साहू शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला बिलई विकासखण्ड बेमेतरा का चयन किया गया है। उक्त दोनों शिक्षक सीसीआरटी प्रशिक्षण लेने गुवाहाटी (असम) पहुंच गए हैं। सीसीआरटी स्त्रोत व्यक्ति अभय गजेंद्र ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को कला से जोड़ना है। सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सेवारत शिक्षकों के लिए विभिन्न तरह के प्रशिक्षण का आयोजन करता है। जैसे शिक्षा में पुतली कला की भूमिका, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण में विद्यालय की भूमिका आदि। इस अनुष्थापन प्रशिक्षण में देश भर के शिक्षक, शिक्षक प्रशिक्षक सम्मिलित होते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य अध्यापकों के विभिन्न क्षेत्रों की कलात्मक एवं सांस्कृतिक संपदा का अध्ययन करना और शिक्षा के लिए कला के प्रयोग का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कार्यशालाओं, प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति सांस्कृतिक क्लब योजना तथा प्राचार्य और अधिकारियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत शाला हेतु शैक्षिक और सांस्कृतिक किट भी निःशुल्क प्रदान किया जाता है। सांस्कृतिक किट, स्लाइड और प्रोजेक्टर के माध्यम से स्कूलों में सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर का प्रदर्शन किया जाता है।

## स्थानीय खेलों में छात्रों ने दिखाई रुचि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुनरबोड़ में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को स्थानीय खेल के साथ साथ शिक्षण आधारित खेल का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्थानीय खेल बिल्लस, पिट्टूल, फुगड़ी खेल का आनंद लिया। साथ ही साथ बच्चों को गणित आधारित खेलकूद भी कराया गया, जिसमें खेल खेल में बच्चों को संख्या पहचान, घटते क्रम, बढ़ते क्रम में संख्याओं को जमाना, अंकों एवं शब्दों में लिखना आदि बच्चे मजे से सीख गए। बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इन सभी गतिविधियों में बच्चों के साथ साथ माताओं ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। मीनाक्षी, कुंती, बजरंग, लावण्या, पवन, पुष्पेंद्र, आदि बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इंद्राणी, मधु, उर्मिला, आदि माताएं अपने बच्चों के साथ खेल में शामिल हुए, एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही भविष्य में इस तरह से आयोजन और भी होता रहे ऐसा अनुरोध किए। शाला के प्रधान पाठक ललित निर्मलकर ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा इसी तरह और भी सहयोग हेतु आमंत्रित किया। सभी खेल गतिविधि शाला की शिक्षिका विधि शर्मा के द्वारा कराया गया। पूरे दिन बच्चों में उत्साह एवं उमंग का माहौल बना रहा तथा बच्चे बहुत उत्साहित रहे।

## लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर

### नजारा देखने लोगों की भीड़ उमड़ी, कई गांवों का संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला



सावन लगते ही जिले सहित परिक्षेत्र में निरन्तर बारिश हो रही है। इस बारिश के चलते समूचे इलाके जलमग्न हो गए हैं। जलभराव जलाशयों की भी लबालब की स्थिति हो गई है तथा नदी-नाले उफान पर है। बता दें कि जिले सहित समूचे क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से जिले के नदी नालों का जल स्तर बढ़ता ही जा रहा है।

कई स्थानीय ग्रामीणों का संपर्क भी टूट चुका है। ब्लॉक बेरला के कई ग्रामीण अंचल शिवनाथ नदी व नाले से संपर्क बना हुआ है, जो गांव की सीमाओं व सड़क मार्ग को जोड़ता है। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारिश के दिनों में लगातार बारिश होने पर नदी नाले उफान मारने से ग्रामीणों के संपर्क टूट गए हैं। जिसमें जिले के कई ग्रामीण परपोड़ा-मनियारी- सिंघौरी, सलधा-ताकम, बहरघट, चेटवा-किरितपुर, डंगनिया-लावातरा, रेवे-मंगलोर नयापारा- सेमरिया, कुम्हिगुड़ा-देवरी, बचेड़ी-डंगनिया इत्यादि नाले व एनीकट पर जल स्तर बढ़ जाने से उफान पर है। जिससे कई गांव की संपर्क टूट गया है। इसके साथ ही पूरे दिन लगातार मौसम काली घटाओ के साथ बिजली की गर्जना व रुक रुककर लगातार बारिश होने पर जनमानस की जनजीवन अस्त व्यस्त हो गए हैं। इधर नदी नाले उफान की स्थिति होने से ग्रामीणों सहित राहगीरों के लिए समस्या खड़ी हो गई है। खेत खलियानों में भरा पानी, नदी नाले के निकटवर्तीय क्षेत्र डूबे

कुछ दिनों से लगातार बारिश होने से समूचे क्षेत्र जल ही जल दिखाई दे रहे हैं। जम कर बारिश होने से खेत खलियानों में लबालब बारिश का पानी भर गया है। जिससे किसानों के लिए चिंता सता रही है। वहीं हालत यह है कि सभी तरफ पानी होने से खेतों से होकर नदी व नाले में जा रहे है तो अब भी रुक रुककर बारिश हो रही है।

## छात्रों ने कबाड़ी को बेच दी सरकारी पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला



बेरला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुसमी स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से सरकारी पाठ्यपुस्तकों की चोरी के संबंध में पर्दाफाश हुआ है। जानकारी के मुताबिक इस कारनामे में प्राचार्य की उदासीनता एवं लापरवाही सुर्खियों में है। बताया जा रहा है कि यह वारदात को स्कूल के ही छात्रों ने अंजाम दिया एवं उसे स्थानीय कबाड़ी दुकान में ले जाकर बकायदा बेच भी दिया। जिसे बाद में ग्रामीणों की मदद से बरामदगी की गई। इस घटनाक्रम के बाद भी प्राचार्य ने न ही सरकारी पुस्तक खरीदने वाले कबाड़ी दुकान संचालक के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई कराई और न ही जिम्मेदार बच्चों की करतूत पर पालकों पर सख्ती बरती। लिहाजा विगत कुछ वर्षों से ऐसे ही हरकतों से स्कूल प्रबंधन चर्चे में बना हुआ है।

शनिवार को कुसमी स्थित हाईस्कूल में पढ़ाई के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने स्कूल में रखे करीब 150 पुस्तकों को बोरी में भरकर समीप के कबाड़ी दुकान में जाकर बेच दिया। इस खबर से स्कूल प्रशासन अनजान बैठा रहा एवं बस थाने में सूचना देकर मामले में पल्ला झाड़ते नज़र आये। जब स्थानीय ग्रामीजनों ने कबाड़ी दुकान से बड़ी मात्रा में सरकारी पुस्तकों को पाया तो उन्होंने सरपंच व अन्य लोगों को सूचना दी। इसके उपरांत बेरला थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए उक्त कबाड़ी दुकान को अस्थायी रूप से बंद करा दिए। इस संबंध में युवा ग्रामीण भूपेश साहू ने बताया कि इस मामले में प्राचार्य द्वारा कोई एफआईआर नहीं कराई गई और न ही एक्शन लिया गया, जिससे कही न कही भविष्य में ऐसी हरकतों की पुनरावृत्ति होगी एवं पढाई के दौरान गलत कार्यों में रुचि होगी व हौसले बुलन्द होंगे। ग्राम पंचायत कुसमी के सरपंच सन्तोष साहू का कहना है कि स्कूल में हज़ारों की संख्या में नवमी-दसवीं की पाठ्यक्रम पुस्तक थीं। जिसमें चोरी पश्चात प्राचार्य द्वारा विशेष ध्यान नहीं देने पर ग्रामजनों के साथ मिलकर बेरला पुलिस के माध्यम से गांव में कबाड़ी दुकान के कारोबार को बन्द करा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कुसमी के इसी स्कूल में पूर्व में कुछ फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक सामानों की भी चोरी हो चुकी है एवं एक बार सीसीटीवी कैमरे के साथ भी छेड़खानी की घटना घट चुकी है। फिर भी प्राचार्य एवं बेरला पुलिस द्वारा कोई खास कार्रवाई नहीं की गई।

## नालंदा की तर्ज पर जिला मुख्यालय में बनेगी लाइब्रेरी

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर बेमेतरा जिला मुख्यालय के वार्ड 13 में भी लाइब्रेरी का निर्माण होगा। इसके लिए वित्त विभाग से प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। राज्य शासन से लाइब्रेरी निर्माण किए जाने घोषणा से छात्र-छात्राओं में हर्ष है। बता दें कि लाइब्रेरी को "नॉलेज बेस्ड सोसायटी" यानी "ज्ञान आधारित समाज'' के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाएगा। विधायक दीपेश साहू ने कहा की रायपुर के नालंदा परिसर के तर्ज पर बेमेतरा में लाइब्रेरी बनने से जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इस लाइब्रेरी का लाभ जिले के युवाओं को छात्र -छात्राओं मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं को यह बड़ी सौगात मिलने जा रही है। साहू ने कहा की यह लाइब्रेरी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित होगी, ताकि युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके।

**लायब्रेरी निर्माण से विद्यार्थियों में खुशी की लहर*- *नीतू कोठारी:** पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं पार्षद नीतू कोठारी ने कहा राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर बेमेतरा में लाईब्रेरी निर्माण विधायक दीपेश साहू का अथक प्रयास और विष्णुदेव साय की सकारात्मक सोच से आज वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है।

### जिले के युवाओं के लिए बड़ी सौगात

भाजपा युवा नेत्री ओमेश्वरी साहू ने कहा की पुस्तकालय एक बहुत ही उपयोगी मंच है, जो सीखने के इच्छुक लोगों को एक साथ लाता है। यह हमें सीखने और अपने ज्ञान का विस्तार करने में मदद करता है। हम पुस्तकालय से अपनी पढ़ने की आदत विकसित करते हैं और ज्ञान के लिए अपनी प्यास और जिज्ञासा को संतुष्ट करते हैं। यह एक व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास में मदद करता है।

**प्रदेश सरकार युवाओं की भविष्य संवारने प्रतिबद्ध :** पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार युवाओं के भविष्य संवारने प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में जिले के युवाओं की भविष्य संवारने की ललक रखने वाले विधायक दीपेश साहू के अथक प्रयासों से लंबित मांग आज पूरी हो पाई है। जिले में लाइब्रेरी के निर्माण होने से युवाओं को ज्ञान अर्जित करने, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने में आसानी होंगी।

### विद्यार्थियों के लिए होगा लाभदायक

छात्र युवा नेता दीनानाथ साहू ने बेमेतरा मे लाइब्रेरी की सौगात मिलने पर कहा की यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं।

## पौधारोपण अभियान 27 को रोपे जाएंगे 101 पौधे

**बेमेतरा/थान खमरिया।** एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का अनुकरणीय भाव है। यह मां और धरती मां के प्रति जनमानस का प्रगटीकरण है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, अग्रवाल समाज छत्तीसगढ़ मानस संगठन साजा एवं हिंदू जागरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्राम गृह वह तहसील कार्यालय में 101 पौधारोपण का आयोजन 27 जुलाई शनिवार सुबह 10 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, सुरेश सिंघानिया, समाज सेवी रूद्रेश अग्रवाल, शुभम मोटर्स संचालक, आर के शर्मा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार प्रकाश यादव, थाना प्रभारी राजकुमार साहू, छत्तीसगढ़ मानस संगठन साजा से जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ साहू, दीपक साहू, संरक्षक महेंद्र सिंह चौहान, ब्लाक अध्यक्ष तोरन चंद्राकर, उपाध्यक्ष खेलन सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष आत्मा पटेल, सचिव रविदास मानिकपुरी, सहसचिव चेतन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सदस्य रहेंगे।

## वाहन चालन के दौरान हेलमेट के उपयोग को जरूरी बताया

# सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जिला प्रशासन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में ज़िला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग और नगर निगम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करना था। कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसके प्रति सभी नागरिकों को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की अपील की। एडीएम को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कराये कि ज़िले के सरकारी कर्मचारी भी दोपहिया वाहन से कार्यालय आये तो हेलमेट का उपयोग करें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामलों की जानकारी दी और बताया कि विशेष अभियान चलाकर नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर सभी एसडीएम व एएसएम शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों -कॉलेज में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, सीएसपी राजेश कुमार झा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्मल सिंह ठाकुर, मुख्य ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी एस आर चुरेन्द्र, ज़िले के एसडीएम, यातायात प्रभारी प्रवासी यादव, ज़िला परिवहन अधिकारी मौजूद थे।




